## बजट अनुमान 2011–12 के संदर्भ में
## आय तथा व्यय की प्रवृत्तियों की समीक्षा

छत्तीसगढ़ विधानसभा द्वारा छत्तीसगढ़ राजकोषीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबंध अधिनियम, 2005 (क्रं.16 2005) अधिनियमित किया गया है ।

इस अधिनियम की धारा 6 (1) के तहत् वित्त विभाग के प्रभारी मंत्री हर तिमाही में बजट अनुमानों के संदर्भ में प्राप्तियों और व्यय की प्रवृत्तियों की समीक्षा करेंगें और ऐसी समीक्षाओं के निष्कर्ष विधानसभा के सदन में रखेंगें । इस अधिनियम की धारा 6 (3) (दो) के अनुसार जब अप्रत्याशित परिस्थिति के कारण राज्य सरकार इस अधिनियम के अंतर्गत् डाली गई बाध्यता की पूर्ति में कोई विचलन होता है तब वित्त मंत्री विधानसभा के सदन में निम्नलिखित को स्पष्ट करते हुये बयान देंगें :-

(क) इस अधिनियम के अंतर्गत् राज्य सरकार पर डाली गई बाध्यता की पूर्ति में ऐसा विचलन ;

(ख) क्या ऐसा विचलन भारी मात्रा में और वास्तविक या संभाव्य बजटीय परिणामों से संबंधित है; तथा

(ग) राज्य सरकार द्वारा प्रस्तावित उपचारात्मक उपाय ।

छत्तीसगढ़ शासन के वित्त विभाग के प्रभारी मंत्री द्वारा वार्षिक बजट 2011–12 के संदर्भ में अंतिम तिमाही की आय तथा व्यय की समीक्षा की गई । इन समीक्षाओं का निष्कर्ष निम्नानुसार रहा :-

### राजस्व आय की समीक्षा

राज्य की कुल राजस्व आय में निम्नानुसार भाग होते हैं :-

1. राज्य को प्राप्त होने वाले केन्द्रीय करों का हिस्सा ।
2. राज्य का कर राजस्व ।
3. राज्य का करेत्तर राजस्व ।
4. केन्द्र सरकार से प्राप्त सहायता अनुदान ।

वर्ष 2011–12 के बजट में राजस्व आय हेतु राशि रूपये 25809.90 करोड़ का प्रावधान किया गया था जो कि पुनरीक्षित अनुमान में बढकर राशि रूपये 27708.30 करोड़ हो गया । महालेखाकार से प्राप्त अनंतिम आंकड़ों के अनुसार राज्य की कुल राजस्व प्राप्तियां जनवरी से मार्च, 2012 की अवधि में रूपये 8693.46 करोड़ एवं माह अप्रैल, 11 से मार्च, 2012 की अवधि में रूपये 25867.38 करोड़ की थी जो कि पुनरीक्षित अनुमान 2011–12 के संदर्भ में क्रमश: 31.37 प्रतिशत एवं 93.36 प्रतिशत है ।

बजट एवं पुनरीक्षित अनुमान 11-12 के संदर्भ में अंतिम तिमाही में प्राप्त राजस्व प्राप्तियों का विस्तृत विवरण **परिशिष्ट-1 ''अ''** में दिया गया है । मदवार प्राप्तियों का विवरण निम्नानुसार है:-

**1. केन्द्रीय करों का हिस्सा** - राज्य बजट 2011-12 में केन्द्रीय करों का हिस्सा राशि रूपये 6204.33 करोड़ आंकलित किया गया था जो कि केन्द्रीय बजट 11-12 के आंकडों के आधार पर पुनरीक्षित अनुमान में बढाकर 6517.22 करोड़ किया गया । जनवरी से मार्च, 2012 की अवधि में इस मद में प्राप्तियां रूपये 2130.75 करोड़ तथा अप्रैल से मार्च 2012 की अवधि में प्राप्तियाँ 6320.44 करोड़ की थी जो कि पुनरीक्षित अनुमान का क्रमश: 32.69 प्रतिशत तथा 96.98 प्रतिशत है । जनवरी से मार्च, 2012 की अवधि में इस मद में प्राप्तियां गत वर्ष की इसी अवधि में प्राप्त राशि की तुलना में 1.41 प्रतिशत अधिक है । माह अप्रैल, 11 से मार्च, 2012 तक की प्राप्तियां गत वर्ष की इसी अवधि में प्राप्ति की तुलना में 16.50 प्रतिशत अधिक है ।

**2. राज्य का कर राजस्व** - राज्य के कर राजस्व का पुनरीक्षित अनुमान 2011-12 के संदर्भ में प्रवृत्तियां **परिशिष्ट-1 ''अ''** में दर्शायी गई है । जनवरी से मार्च, 2012 की अवधि में इस मद में प्राप्तियां रूपये 3588.20 करोड़ तथा अप्रैल से मार्च 2012 की अवधि में प्राप्तियाँ 10712.25 करोड़ की थी जो कि पुनरीक्षित अनुमान का क्रमश: 34.19 प्रतिशत तथा 102.07 प्रतिशत है । जनवरी से मार्च, 2012 की अवधि में इस मद में प्राप्तियां गत वर्ष की इसी अवधि में प्राप्त राशि की तुलना में लगभग 22.07 प्रतिशत अधिक है । राज्य की कर राजस्व की माह अप्रैल, 11 से मार्च, 2012 तक की प्राप्तियां गत वर्ष की इसी अवधि में प्राप्त राजस्व की तुलना में लगभग 18.96 प्रतिशत अधिक है । राज्य के कर राजस्व की कुछ प्रमुख मदों की प्राप्तियां **परिशिष्ट-1 ''ब''** में दर्शायी गई है ।

**3. राज्य का करेत्तर राजस्व** - राज्य के करेत्तर राजस्व का जनवरी से मार्च, 2012 तक की पुनरीक्षित अनुमान के संदर्भ में प्रवृत्तियां **परिशिष्ट-1 ''अ''** में दर्शायी गई है । जनवरी से मार्च, 2012 की अवधि में इस मद में प्राप्तियां रूपये 1262.61 करोड़ तथा अप्रैल से मार्च 2012 की अवधि में प्राप्तियाँ 4058.48 करोड़ की थी जो कि पुनरीक्षित अनुमान का क्रमश: 27.83 प्रतिशत तथा 89.45 प्रतिशत है । जनवरी से मार्च, 2012 की अवधि में इस मद में प्राप्तियां गत वर्ष की इसी अवधि में प्राप्त राशि की तुलना में लगभग 2.76 प्रतिशत कम है । राज्य की करेत्तर राजस्व की माह अप्रैल, 11 से मार्च, 2012 तक की प्राप्तियां गत वर्ष की इसी अवधि में प्राप्त राजस्व की तुलना में लगभग 5.82 प्रतिशत अधिक है । राज्य के करेत्तर राजस्व की कुछ प्रमुख मदों की प्राप्तियां **परिशिष्ट-1 ''स''** में दर्शायी गई है ।

4. **<u>केन्द्र सरकार से प्राप्त सहायक अनुदान</u>** – केन्द्र से प्राप्त सहायक अनुदान की जनवरी से मार्च, 2012 तक की पुनरीक्षित अनुमान के संदर्भ में विवरण **<u>परिशिष्ट–1 ''अ''</u>** में दर्शायी गई है ।जनवरी से मार्च, 2012 की अवधि में इस मद में प्राप्तियां रूपये 1711.90 करोड़ तथा अप्रैल से मार्च 2012 की अवधि में प्राप्तियाँ 4776.21 करोड़ की थी जो कि पुनरीक्षित अनुमान का क्रमशः 27.79 प्रतिशत तथा 77.55 प्रतिशत है । जनवरी से मार्च, 2012 की अवधि में इस मद में प्राप्तियां गत वर्ष की इसी अवधि में प्राप्त राशि की तुलना में लगभग 1.23 प्रतिशत अधिक है । केन्द्र से प्राप्त सहायक अनुदान की माह अप्रैल, 11 से मार्च, 2012 तक की प्राप्तियां गत वर्ष की इसी अवधि में प्राप्त अनुदान की तुलना में लगभग 7.24 प्रतिशत अधिक है ।

इस प्रकार कुल राजस्व प्राप्तियां पुनरीक्षित अनुमानों के संदर्भ में 93.36 प्रतिशत एवं वर्ष 11–12 के अंतिम तिमाही में प्राप्त राजस्व प्राप्तियों पुनरीक्षित अनुमानों के संदर्भ में 31.37 प्रतिशत रही ।

# <u>व्यय की समीक्षा</u>

वर्ष 2011–12 के बजट अनुमान में राजस्व व्यय हेतु राशि रूपये 24461.77 करोड़ का प्रावधान किया गया था जो कि पुनरीक्षित अनुमान में बढ़कर राशि रूपये 25567.69 करोड़ हो गया । इसी प्रकार बजट अनुमान 2011–12 में पूंजीगत व्यय राशि रूपये 5077.06 करोड़ अनुमानित किया गया था जो कि पुनरीक्षित अनुमान में रूपये 5844.13 करोड़ हो गया । बजट एवं पुनरीक्षित अनुमानों के संदर्भ में व्यय की स्थिति **परिशिष्ट–2 ''अ''** में दिखाया गया है ।

बजट अनुमान वर्ष 2011–12 में आयोजना व्यय हेतु राशि रूपये 17433.66 करोड़ का प्रावधान किया गया था जो कि पुनरीक्षित अनुमान में बढकर राशि रूपये 18972.72 करोड़ हो गया । वित्त विभाग के प्रभारी मंत्री द्वारा ली गई समीक्षा के दौरान जनवरी से मार्च, 2012 की अवधि में इस मद में राशि रूपये 7759.24 करोड़ का व्यय पाया गया जो कि पुनरीक्षित अनुमान 2011–12 के संदर्भ में 40.90 प्रतिशत है तथा गत वर्ष की इसी अवधि की तुलना में लगभग 61.02 प्रतिशत अधिक है । वर्ष 2011–12 में अप्रैल से मार्च की अवधि में 15317.15 करोड़ व्यय किया गया जो कि पुनरीक्ष्ति अनुमान का 80.73 प्रतिशत है तथा गत वर्ष की इसी अवधि की तुलना में लगभग 32.31 प्रतिशत अधिक है ।

बजट अनुमान वर्ष 2011–12 में आयोजनेत्तर व्यय हेतु राशि रूपये 13292.30 करोड़ का प्रावधान किया गया था जो कि पुनरीक्षित अनुमान में बढ़कर राशि रूपये 13774.74 करोड़ हो गया । वित्त विभाग के प्रभारी मंत्री द्वारा ली गई समीक्षा के दौरान जनवरी से मार्च, 2012 की अवधि में इस मद में राशि रूपये 3920.96 करोड़ का व्यय पाया गया जो कि पुनरीक्षित अनुमान 2011–12 के संदर्भ में 28.46 प्रतिशत है तथा गत वर्ष की इसी अवधि की तुलना में लगभग 5.27 प्रतिशत अधिक है । वर्ष 2011–12 में अप्रैल से मार्च की अवधि में 12441.60 करोड़ व्यय किया गया जो कि पुनरीक्षित अनुमान का 90.32 प्रतिशत है तथा गत वर्ष की इसी अवधि की तुलना में लगभग 10.11 प्रतिशत अधिक है ।

बजट एवं पुनरीक्षित अनुमानों के संदर्भ में आयोजना तथा आयोजनेत्तर व्यय की स्थिति **परिशिष्ट–2 ''ब''** में दिखाया गया है ।

# <u>समग्र वित्तीय संक्षेपिका</u>

छत्तीसगढ़ राजकोषीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबंध (संशोधन) अधिनियम, 2011 के प्रावधानों के अनुसार दिनांक 31 मार्च, 2012 तक राज्य का राजस्व घाटा शून्य स्तर पर तथा वित्तीय घाटे को सकल घरेलु उत्पाद के 3 प्रतिशत तक सीमित करना है ।

अप्रैल, 2011 से मार्च, 2012 की आय तथा व्यय की समीक्षा के दौरान यह पाया गया कि पुनरीक्षित अनुमान 2011-12 में प्रावधानित राजस्व आधिक्य रूपये 2140.61 करोड़ की तुलना में राजस्व आधिक्य रूपये 3437.81 करोड़ रहा ।

बजट अनुमान 2011-12 में प्रावधानित वित्तीय घाटा रूपये 3819.79 करोड़ जो कि पुनरीक्षित अनुमान में 3786.08 करोड़ अनुमानित किया गया था, की तुलना में वित्तीय घाटे में कमी आयी । वित्तीय घाटा इस वर्ष के लिये निर्धारित लक्ष्य के स्तर से घटकर रूपये 602.69 करोड़ रहा ।

इस प्रकार आय तथा व्यय की समीक्षा के आंकड़े यह प्रदर्शित करते हैं कि गत वित्तीय वर्ष के वित्तीय लक्ष्य छत्तीसगढ़ राजकोषीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबंध (संशोधन) अधिनियम, 2011 में निहित प्रावधानों के अधीन बनाये गये नियमों की सीमा के अंदर है ।

**डॉ.रमन सिंह**<br>**वित्त विभाग के**<br>**प्रभारी मंत्री**

परिशिष्ट–1

## (अ) राज्य की कुल राजस्व प्राप्तियों की प्रवृत्तियां

(राशि करोड़ में)

| क्र. | मद | बजट अनुमान 2011-12 | पुनरीक्षित अनुमान 2011-12 | महालेखाकार से प्राप्त अनंतिम आंकड़ों के अनुसार | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | जनवरी से मार्च, 12 की प्राप्तियाँ | बजट अनुमान के संदर्भ में प्रतिशत | पुनरीक्षित अनुमान के संदर्भ में प्रतिशत | अप्रैल, 11 से मार्च, 12 की प्राप्तियाँ महालेखाकार से प्राप्त अनंतिम आंकड़ों के अनुसार | बजट अनुमान के संदर्भ में प्रतिशत | पुनरीक्षित अनुमान के संदर्भ में प्रतिशत |
| 1. | केन्द्रीय करों का हिस्सा | 6204.33 | 6517.22 | 2130.75 | 34.34 | 32.69 | 6320.44 | 101.87 | 96.98 |
| 2. | राज्य का कर राजस्व | 9830.45 | 10494.76 | 3588.20 | 36.50 | 34.19 | 10712.25 | 108.97 | 102.07 |
| 3. | राज्य का करेत्तर राजस्व | 4310.87 | 4537.18 | 1262.61 | 29.29 | 27.83 | 4058.48 | 94.15 | 89.45 |
| 4. | केन्द्र सरकार से प्राप्त सहायता अनुदान | 5464.25 | 6159.14 | 1711.9 | 31.33 | 27.79 | 4776.21 | 87.41 | 77.55 |
| | **कुल राजस्व प्राप्तियां** | **25809.90** | **27708.30** | **8693.46** | **33.68** | **31.37** | **25867.38** | **100.22** | **93.36** |

## (ब) राज्य के कर राजस्व की प्रमुख मदें

(राशि करोड़ में)

| | मद | बजट अनुमान 2011-12 | पुनरीक्षित अनुमान 2011-12 | जनवरी से मार्च, 12 की प्राप्तियाँ | बजट अनुमान के संदर्भ में प्रतिशत | पुनरीक्षित अनुमान के संदर्भ में प्रतिशत | अप्रैल, 11 से मार्च, 12 की प्राप्तियॉ | बजट अनुमान के संदर्भ में प्रतिशत | पुनरीक्षित अनुमान के संदर्भ में प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | स्टाम्प व पंजीकरण | 750.00 | 875.00 | 348.94 | 46.53 | 39.88 | 845.82 | 112.78 | 96.67 |
| 2. | ब्रिकी कर | 5487.82 | 6000.00 | 2113.57 | 38.51 | 35.23 | 6006.25 | 109.45 | 100.10 |
| 3. | राज्य उत्पाद शुल्क | 1626.00 | 1550.00 | 415.14 | 25.53 | 26.78 | 1596.98 | 98.22 | 103.03 |
| 4. | बिजली पर कर और शुल्क | 600.00 | 632.51 | 158.72 | 26.45 | 25.09 | 637.97 | 106.33 | 100.86 |
| 5. | वाहनों पर कर | 450.00 | 475.00 | 160.55 | 35.68 | 33.80 | 502.19 | 111.60 | 105.72 |
| 6. | माल और यात्रियों पर कर | 700.00 | 700.00 | 286.00 | 40.86 | 40.86 | 825.67 | 117.95 | 117.95 |

## (स) राज्य के करेत्तर राजस्व की मुख्य मदें

(राशि करोड़ में)

| | मद | बजट अनुमान 2011–12 | पुनरीक्षित अनुमान 2011–12 | जनवरी से मार्च, 12 की प्राप्तियाँ | बजट अनुमान के संदर्भ में प्रतिशत | पुनरीक्षित अनुमान के संदर्भ में प्रतिशत | अप्रैल, 11 से मार्च, 12 की प्राप्तियाँ | बजट अनुमान के संदर्भ में प्रतिशत | पुनरीक्षित अनुमान के संदर्भ में प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ßæçÙ·¤è ¥ôÚ ß‹Ø ÁèßÙ | 450.00 | 400.00 | 76.24 | 16.94 | 19.06 | 341.64 | 75.92 | 85.41 |
| 2. | çâ¿æ§ | 999.99 | 999.99 | 237.70 | 23.77 | 23.77 | 529.25 | 52.93 | 52.93 |
| 3. | ¥Üôã ÏæÌ ¹ÙÙ ¥õÚ ÏæÌ·¤× ©lô» | 2400.00 | 2700.00 | 764.15 | 31.84 | 28.30 | 2744.82 | 114.37 | 101.66 |

परिशिष्ट–2

## (अ) बजट अनुमानों के संदर्भ में व्यय की प्रवृत्तियां

(राशि करोड़ में)

| क्र. | मद | बजट अनुमान 2011–12 | पुनरीक्षित अनुमान 2011–12 | जनवरी से मार्च, 2012 तक व्यय | बजट अनुमान के संदर्भ में प्रतिशत | पुनरीक्षित अनुमान के संदर्भ में प्रतिशत | अप्रैल, 11 से मार्च, 2012 तक व्यय महालेखाकार से प्राप्त अनंतिम आंकड़ों के अनुसार | बजट अनुमान के संदर्भ में प्रतिशत | पुनरीक्षित अनुमान के संदर्भ में प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | राजस्व व्यय | 24461.77 | 25567.69 | 9166.79 | 37.47 | 35.85 | 22429.57 | 91.69 | 87.73 |
| 2. | पूंजीगत व्यय | 5077.06 | 5844.13 | 2318.54 | 45.67 | 39.67 | 4056.41 | 79.90 | 69.41 |
| 3. | ऋण तथा अग्रिम | 1187.13 | 1335.64 | 194.87 | 16.42 | 14.59 | 1272.77 | 107.21 | 95.29 |
| | **कुल** | **30725.96** | **32747.46** | **11680.20** | **38.01** | **35.67** | **27758.75** | **90.34** | **84.77** |

## (ब) बजट अनुमानों के संदर्भ में आयोजना एवं आयोजनेत्तर व्यय की स्थिति

(राशि करोड़ में)

| क्र. | मद | बजट अनुमान 2011–12 | पुनरीक्षित अनुमान 2011–12 | जनवरी से मार्च, 2012 तक व्यय | बजट अनुमान के संदर्भ में प्रतिशत | पुनरीक्षित अनुमान के संदर्भ में प्रतिशत | अप्रैल, 11 से मार्च, 2012 तक व्यय | बजट अनुमान के संदर्भ में प्रतिशत | पुनरीक्षित अनुमान के संदर्भ में प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | आयोजना व्यय | 17433.66 | 18972.72 | 7759.24 | 44.51 | 40.90 | 15317.15 | 87.86 | 80.73 |
| 2. | आयोजनेत्तर व्यय | 13292.30 | 13774.74 | 3920.96 | 29.50 | 28.46 | 12441.60 | 93.60 | 90.32 |
| | **कुल** | **30725.96** | **32747.46** | **11680.20** | **38.01** | **35.67** | **27758.75** | **90.34** | **84.77** |